भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3926

(दिनांक 06.04.2023 को उत्तर देने के लिए)

डीडी उर्दू द्वारा मूल्यांकन समिति की अनुशंसाओं को मंजूरी

3926. श्री जावेद अली खानः

श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2012-13 के दौरान मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसित 580 प्रस्तावों को डीडी (उर्दू) द्वारा कमीशनिंग के लिए मंजूर किया गया था और इनमें से अब तक केवल 166 प्रस्तावों को कमीशन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कमीशनिंग के लिए लंबित शेष 414 प्रस्तावों की स्थिति का प्रस्ताव-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या डीडी (उर्दू) प्रोड्यूसरों की कठिनाइयों को देखते हुए लंबित प्रस्तावों की कमीशनिंग की प्रक्रिया में तेजी लाएगा;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (च): जी, नहीं। प्रसार भारती ने सूचित किया है कि 2009 और 2011 की अधिसूचनाओं के जवाब में 1047 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर, 580 प्रस्तावों को चुना गया था, जिनमें से 143 प्रस्तावों की कमीशनिंग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। अंततः, 2021 में यह निर्णय लिया गया कि शेष प्रस्तावों पर कार्यवाही करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वे अपनी प्रासंगिकता खो चुके थे।

*****